द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की घटना, शोर मचाने पर भागे बदमाश

फ्लैट में महिला के साथ रेप की कोशिश, दो पर केस दर्ज

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि महिला से फ्लैट में रेप की कोशिश करने लगे हैं। बदमाश महिला को जबरदस्ती फ्लैट में धक्का मारकर ले गए थे, जब महिला ने शोर मचाया तो दोनों बदमाश वहां से भाग निकले। द्वारकापुरी पुलिस ने महिला की शिकायत पर जयदीप और आकाश मालवीय पर केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे वह जॉब से निपटकर घर जा रही थी। तभी उसे रास्ते में जयदीप और आकाश ने उसे पकड़ा। आरोपी उसे घसीटकर नजदीक दिग्विजय बिल्डिंग में रहने वाले सोनू के फ्लैट पर ले गए। यहां छेड़छाड़ करने लगे। जयदीप ने बेड टच किया। वहीं आकाश ने कपड़े उतारे। जब पीड़िता शोर मचाने लगी तो आरोपियों ने मुंह दबाया और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने शोर मचाकर मदद मांगी। इस दौरान बिल्डिंग के रहवासी जाग गए। पीड़िता के परिवार के लोग भी वहां पहुंचे। उन्होंने लात मारकर दरवाजा खुलवाया, तब बाहर निकाला। इस दौरान दोनों आरोपी मौके से भाग निकले।

वर्ग विशेष के युवक ने की छेड़छाड़ : भंवरकुआं में भी वर्ग विशेष के युवक ने कॉलेज की छात्रा से छेड़छाड़ की। एसएससी की तैयारी कर रही छात्रा की शिकायत पर अल्फेज खान पर भंवरकुआं पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह भोलाराम उस्ताद मार्ग में रहती है। चाय पीने सोमवार रात 9 बजे के लगभग 99 कैफे जा रही थी। तभी रास्ते में कपड़े की दुकान पर काम करने वाला अल्फेज सामने आया और अश्लील इशारे करने लगा। बदमाश ने कहा कि वह मुझे पसंद करता है। इसके बाद उसे चिल्लाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

8वीं की छात्रा का करते थे पीछा : चंदन नगर में 8वीं क्लास की पढ़ाई कर रही छात्रा का कई दिन से दो युवक लोकेश और अशोक पीछा कर रहे थे। आरोपियों ने एक-दो बार छात्रा को रोकने की कोशिश की। विवाद से बचने पीड़िता ने दोनों युवकों की शिकायत अपने परिवार से नहीं की। इससे आरोपियों की हिम्मत और बढ़ गई। शनिवार को लंच ब्रेक में सभी बच्चे ग्राउंड पर खेल रहे थे। तब दोनों युवक वहां आए और उन्होंने एक कागज पर नंबर लिखकर दिया और कहा कि इस नंबर पर बात कर लिया करो। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

क्लास टीचर को बताई घटना

तब पीड़िता ने क्लास टीचर को पूरी घटना बताई। बाद में टीचर के आने पर दोनों आरोपी मौके से भाग गए। इसी प्रकार, राजेंद्र नगर पुलिस ने 19 साल की युवती की शिकायत पर घनश्याम वर्मा पर केस दर्ज किया है। युवती ने बताया कि वह घनश्याम को 4 साल से जानती है, लेकिन दो सालों से संपर्क में नही थी। इसके बाद वह कॉल करता, मैसेज भेजता, तब मैंने ध्यान नहीं दिया। बाद में नौकरी पर आने-जाने के दौरान वह पीछा करने लगा। पीड़िता ने यह बात अपनी मां को बताई तो मां ने उसके साथ जाना शुरू किया। आरोपी ने उनके सामने ही पीड़िता को रोका और ढाबे में चलकर बात करने को कहा। मना करने पर उसने हाथ पकड़ा और जबरदस्ती कर धमकाकर चला गया।

मोनू कल्याणे के हत्यारों को भेजा भैरवगढ़ जेल

इंदौर। पिछले दिनों विवाद के चलते भाजयुमो नेता मोनू कल्याणे की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपियों को भैरवगढ़ जेल भेजा गया है। आरोपियों ने खुद की जान का खतरा बताते हुए इस संबंध में जिला जेल प्रशासन को आवेदन दिया था। इसे स्वीकार करने के बाद मंगलवार को आरोपी अर्जुन, पीयूष को भैरवगढ़ तथा मोंटी, हेमंत और जगदीश को बड़वानी जेल स्थानांतरित किया है। मोनू की हत्या के बाद समर्थकों ने आरोपियों के घर में तोड़फोड़ और आगजनी की थी।

मां से मिलने आया जिलाबदर बदमाश हुआ गिरफ्तार

इंदौर। अपनी मां से मिलने आए जिलाबदर बदमाश को द्वारकापुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बदमाश उमेश उर्फ बाबू पिता रमेश राठौर निवासी अहीरखेड़ी कांकड़ को लगातार आपराधिक घटनाओं में लिप्त रहने के कारण पिछले दिनों जिलाबदर किया गया था। बदमाश पर द्वारकापुरी थाने में सात तथा अन्नपूर्णा थाने में दो अपराध पंजीबद्ध हैं।

स्कूल में बिल्डर की बेटी से शिक्षक ने की छेड़छाड़

परिजनों की शिकायत के बाद पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

लसूड़िया क्षेत्र स्थित निजी स्कूल के शिक्षक ने बिल्डर की 11 साल की बेटी से छेड़छाड़ की। शिक्षक लंच टाइम में गंदी हरकत करता था। मामले में पुलिस ने बताया कि सोमवार को बिल्डर और उनकी पत्नी थाने आए थे। परिजनों के अनुसार, उनकी 11 साल की बेटी तलावली चांदा स्थित सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा छठी की छात्रा है।

सोमवार दोपहर में वह स्कूल से घर पहुंची। उसने अपनी मां से कहा कि शिक्षक गौरांग रावल स्कूल के बरामदे में घूमते रहते हैं। वे आते-जाते मुझे देखते हैं। ब्रेक मिलने पर हम क्लास के बाहर निकले, तब गौरांग सर ने क्लास के बाहर दरवाजे पर मुझे रोक लिया और बात करने लगे। इस दौरान मुझे कई जगह बैड टच किया। मुझे यह सब अच्छा नहीं लग रहा था। जैसे-तैसे उनसे छूटकर भागी और क्लास में पहुंची। लंच के बाद मैंने शिक्षक गौरांग की शिकायत प्रबंधन से की तो प्रबंधन ने कहा- क्लास होने के बाद एक्शन लेते हैं। शिकायत के बाद पुलिस स्कूल पहुंची और वहां लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इस आधार पर शिक्षक के खिलाफ पास्को एक्ट का केस दर्ज किया है। केस दर्ज होते ही स्कूल प्रबंधन ने शिक्षक पर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें,शिक्षक पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका है। मामले में प्रबंधन ने शिक्षक को अपने व्यवहार में बदलाव लाने की सीख दी थी, लेकिन शिक्षक ने ध्यान नहीं दिया।

पीथमपुर में जहरीला कचरा जलाने का विरोध

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
editor@peoplessamachar.co.in

आउटर रिंग रोड एवं इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन संघर्ष समिति से जुड़े हुए किसान नेता हंसराज मंडलोई ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भोपाल की यूनियन कार्बाइड कारखाने का जहरीला कचरा पीथमपुर की राम की फैक्ट्री में जलाने की तैयारी प्रदेश सरकार कर चुकी है। इसके लिए 150 करोड के टेंडर भी हो चुके हैं। जिस कचरे के कारण भोपाल के हजारों निवासियों की जान जा चुकी है वही कचरा इंदौर महानगर के पास पीथमपुर में जलाने की तैयारी सरकार कर रही है।

हंसराज मंडलोई ने बताया कि रामकी कंपनी के जहरीले पानी के कारण पीथमपुर क्षेत्र का पानी प्रदूषित हो चुका है एवं किसानों की फसल नष्ट हो रही है और पशु जहरीला पानी पीकर मर रहे हैं एवं पीथमपुर क्षेत्र के निवासी गंभीर बीमारियों की शिकार हो रहे हैं। इस रामकी कंपनी में अगर यूनियन कार्बाइड कारखाने का जहरीला कचरा जलाया जाता है तो यह पीथमपुर के निवासियों के साथ इंदौर महानगर की जनता के स्वास्थ्य के साथ भी गंभीर खिलवाड़ होगा, जिसका संघर्ष समिति विरोध करती है। इसलिए हम भी भाजपा के प्रदेश सरकार के इस निर्णय का विरोध करते हैं। किसान नेताओं ने कहा कि अपने आप को विश्व गुरु मानने वाले नरेंद्र मोदी भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने का कचरा अमेरिका भेजकर बताएं, क्योंकि यह कंपनी अमेरिका की ही है। अगर मोदी ऐसा करते हैं तो उनकी वाकई में तारीफ होगी परंतु वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। जहरीले कचरे को जलने के लिए पीथमपुर भेजने की जितनी निंदा की जाए कम है। सभी किसान भाई पीथमपुर क्षेत्र एवं इंदौर महानगर की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे एवं लगातार पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाने का विरोध करेंगे।

सिंगापुर ग्रुप का एजेंट बताकर युवक से ठगे 78 लाख रुपए

प्लॉट की फर्जी रसीद थमाकर ले लिए थे रुपए, आरोपी गिरफ्तार

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

शहर में लगातार ठगी की वारदातें हो रही हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी ऑनलाइन ठगी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रोज ठगी के मामले थाने में दर्ज होने से पुलिस पर दबाव बन रहा है। आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को मशक्कत करना पड़ रही है।

इसी क्रम में अमरावती के युवक ने खुद को शहर की नामी कंस्ट्रक्शन और बिल्डर कंपनी का अधिकृत एजेंट बताकर फरियादी को झांसे में लिया था। बाणगंगा थाने में फरियादी जतिन पिता

मांगीलाल जैन निवासी कालानी नगर की शिकायत पर आरोपी सुमित साहू निवासी ग्राम धवली लसूड़िया (मूल निवासी अमरावती) पर केस दर्ज किया है। फरियादी को आरोपी ने सुपर कॉरिडोर स्थित सिंगापुर किंग स्टेट रॉयल ग्रैंड कॉलोनी की फर्जी रसीद थमाकर दो प्लॉट बेचने का सौदा किया और 78 लख रुपए ले लिए। जब फरियादी ने प्लॉट की रजिस्ट्री कराना चाही तो उसे पता चला कि जिस जगह की रसीद सौंपी गई है, वहां कोई प्लॉट नहीं काटे गए हैं। ठग ने कहीं से फर्जी रसीद कट्टा तैयार कर पैसे ले लिए हैं। जांच में पता चला कि ठग इस तरह कई लोगों से करोड़ों रुपए ऐंठ चुका है।

फरियादी की शिकायत के बाद अन्य पीड़ित भी पुलिस की शरण में पहुंच रहे हैं। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उस पर काफी कर्ज हो गया था। इस कर्ज को चुकाने के लिए उसने धोखाधड़ी का रास्ता अपनाया।

कैमरे से बचने नंबर प्लेट से छेड़छाड़, लगाया जुर्माना

इंदौर। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई और कैमरे से बचने के लिए बदमाश ने दोपहिया वाहन की नंबर प्लेट में छेड़छाड़ की। लेकिन, पुलिस की सजगता से बदमाश सफल नहीं हो सका। वाहन क्रमांक एमपी 09 यूडी-0994 के चालक गोपाल शर्मा निवासी न्यू मालवीय नगर ने अपनी स्कूटी का नंबर कुछ इस प्रकार बदला कि वह एमपी 09 ओडी 0884 नजर आ रहा था। रेडिसन चौराहे पर आरक्षक सोनू की नजर से वह नहीं बच पाया। सूबेदार अमित यादव ने वाहन चालक की स्कूटी की नंबर प्लेट को जब नजदीक से देखा तो उसके द्वारा काली टेप के छोटे टुकड़ों से नंबर को बदल दिया गया था। वहीं पीछे की नंबर प्लेट भी इसी तरह बदलते हुए मोड़ दी गई थी। वाहन चालक पर जुर्माना किया गया।

रिटायर्ड अफसर के बेटे को मारा चाकू घर में घुसकर किया हमला, केस दर्ज

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे अब दिनदहाड़े घर में घुसकर वारदात करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला चंदन नगर थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां तीन बदमाशों ने नगर निगम के रिटायर्ड अफसर में घर में घुसकर उनके बेटे को चाकू मार दिया।

वारदात के बाद भागते समय महिला की चेन भी लूट ले गए। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना ग्रीन पार्क कॉलोनी में रहने वाले रिटायर्ड निगम अधिकारी रियाजुद्दीन कुरैशी के घर की है। उनका बेटा जैद सोमवार को घर के गेट पर खड़ा था। तभी बाइक पर तीन बदमाश आए। बदमाशों ने घर के सामने बाइक खड़ी करने के बाद जैद से कुछ बात की। इसी दौरान विवाद होने पर बदमाशों ने जैद से मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों से बचने जैद घर के अंदर गया तो तीनों घर में घुस गए और वहीं चाकू से हमला कर दिया। जैद को पैर में गहरा घाव लगा है। जैद के शोर मचाने की आवाज सुनकर परिवार की महिला अमरीन आई। आरोप है कि बदमाश उनसे बदसलूकी करते हुए चेन लूटकर वहां से भाग निकले। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है।

गली के गुंडे रील बनाकर फैलाते हैं दहशत

घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। अफसर के परिवार में अन्य लोग भी बड़े पदों पर पदस्थ हैं। उन्होंने अपने स्तर पर तहकीकात की तो बदमाशों के बारे में काफी जानकारियां सामने आईं। बदमाश क्षेत्र के ही छुटभैये गुंडे हैं। रील बनाकर वे इंस्टाग्राम पर वीडियो भी अपलोड करते हैं। वीडियो में हथियार के साथ एक बदमाश नजर आ रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और सीसीटीवी कैमरे में आए फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पकड़ाने के बाद ही विवाद का वास्तविक कारण सामने आएगा।

बटालियन टीम छह दिन करेगी परिचय अभ्यास

इंदौर। डी/170 बटालियन द्रुतकार्य बल की टीम अभिषेक कुमार यादव (सहायक कमांडेंट) के नेतृत्व में हिनोतिया भोपाल से इंदौर पहुंची। यह टीम आगामी 5 अगस्त तक जिले में परिचय अभ्यास करेगी। इस अवधि के दौरान थानों में जाकर जनता के बीच परिचय अभ्यास किया जाएगा। जिले की जनसंख्या, साक्षरता दर, लोगों की जानकारी, साम्प्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील इलाकों तथा दंगाइयों की सूची लेकर डाटा तैयार करेगी। इससे भविष्य में किसी प्रकार की घटना, साम्प्रदायिक तनाव होने पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी। इसके अलावा थाने जाकर गणमान्य, वरिष्ठ नागरिकों, धर्मगुरुओं, एमएलए, प्रधान, सरपंचों से मुलाकात की जाएगी।

महिला के सामने की अश्लील हरकत

हीरानगर थाने पहुंचे दोनों पक्ष, आपसी बातचीत के बाद हुआ समझौता

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

महिला के सामने अश्लील हरकत करने वाले युवक की शिकायत हीरानगर थाने में की गई। शिकायत के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और आपसी बातचीत के बाद समझौता हो गया। ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र के गौरीनगर में सामने आया है जहां मकान विवाद ने मानवीयता की सारी सीमाएं तोड़ दी। फरियादी ने बताया कि दो साल पहले वे यहां रहने आए थे। उनके घर के सामने कुछ दबंगों द्वारा अश्लील हरकत की जाती है। महिला के परिजनों ने मामले की शिकायत सीएम सहित 9 अधिकारियों से शिकायत की थी।

क्या है मामला : महिला संगीता (परिवर्तित नाम) ने बताया कि उन्होंने मकान नंबर 772 खरीदा था, लेकिन इसके बाद परेशानियां शुरू हो गईं। घर के सामने रहने वाले बदमाशों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बदमाश जय चौहान ने तो अश्लीलता की सारी हदें पार कर दीं। जब भी महिला अकेली होती, जय निर्वस्त्र होकर उनके सामने नहाता और कपड़े उतारकर उन्हें अपने पास बुलाता। ये घटनाएं सीसीटीवी में भी कैद हो गईं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

बदमाश के परिजनों पर भी आरोप

पीड़ित महिला संगीता ने आरोप लगाया कि जयपाल चौहान, कांतिभाई चौहान और उनके परिवार की बेटियां भी परेशान करती हैं। जब भी मामला थाने पहुंचता है, चौहान परिवार की बेटी गोलू महिला के पति पर छेड़छाड़ की शिकायत करने थाने पहुंच जाती है।

खुद को पूर्व सीएम का बताता है रिश्तेदार

विवाद से थाने के अधिकारी भी परिचित हैं, लेकिन नामदेव परिवार को अभी तक राहत नहीं मिली है। महिला का कहना है कि जब भी मामला थाने जाता है, जय चौहान और उनके रिश्तेदार खुद को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान का रिश्तेदार बताकर धमकाते हैं। इस कारण थाने पर उनकी सुनवाई नहीं होती।

कब्जा करना चाहते हैं

महिला ने यह भी आरोप लगाया कि चौहान परिवार उनके मकान पर कब्जा करना चाहता है। जय और उनके रिश्तेदार, जिनमें छोटू और सागर भी शामिल हैं। ये लोग हम पर मकान बेचकर जाने का दबाव बनाते हैं। थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों ने किसी की शिकायत नहीं की। आपसी बातचीत के बाद समझौता कर लौट गए।

बाइक चुराकर भाग रहे नशेड़ियों को ट्रैफिक पुलिस ने धरदबोचा

विजयनगर पुलिस को सौंपा, सराहनीय कार्य पर किया पुरस्कृत

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

बाइक चुराकर भाग रहे दो नशेड़ी युवकों को ट्रैफिक पुलिस ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। ट्रैफिक पुलिस जवानों के इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। जानकारी के मुताबिक, नशे में धुत युवक प्रशांत पिता दिलीप वर्मा निवासी पेट्रोल पंप के पीछे मालवीय नगर और सुनील पिता शमी वसुनिया निवासी न्याय नगर, शहीद पार्क के सामने से बाइक क्रमांक एमपी 13 एम-7725 को चोरी कर विजयनगर सर्विस रोड होते हुए भाग रहे थे। उनके पीछे फरियादी मोहम्मद असलम पिता मोहम्मद अली ताज नगर भी चोर-चोर चिल्लाते हुए

पीछा कर रहा था। दोनों आरोपी सर्विस रोड से रांग साइड स्टार चौराहे की तरफ भागने लगे।

फिसलकर गिरे, वेलोसिटी पर पकड़ाए : रेडिसन चौराहे पर ट्रैफिक के सहायक उप निरीक्षक तेजसिंह यादव एवं आरक्षक अनुराग शर्मा ने फरियादी की आवाज सुनी तो वे भी आरोपियों की तरफ चिल्लाते हुए भागे, जिससे दोनों आरोपी फिसलकर रेडिसन चौराहे पर गिर गए। एक को तेजसिंह ने पकड़ लिया, जबकि, दूसरा अनुराग शर्मा चप्पल छोड़कर भाग निकला, जिसे वेलोसिटी टॉकीज तक पीछा कर पकड़ा। दोनों आरोपियों को विजयनगर पुलिस के सुपुर्द किया गया।

माता मंदिर से नकदी और तेल के डिब्बे चुराए

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

बाणगंगा थाना क्षेत्र में ग्राम अलवासा स्थित मंदिर में चोरी का मामला थमा नहीं और नया मामला सामने आ गया। यहां शिव नगर चौराहा सांवेर रोड स्थित मंशापूर्ण माताजी के मंदिर पर चोरों ने धावा बोल दिया। चोर दानपेटी में रखे 10 हजार रुपए और भंडारे के लिए आए तीन डिब्बे तेल के ले गए। चोरी की शिकायत फरियादी महेश पिता रमेश कौशल ने दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने सुरेन्द्र पिता कैलाश परिहार निवासी नरवल कांकड़ को पकड़ा है। उसका साथी फरार है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात सांवेर रोड चौराहा स्थित मंदिर में चोरी की थी। आरोपी यहां पर बाइक से पहुंचे। चैनल गेट तोड़कर मंदिर में घुसे और वारदात कर भाग निकले। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाले तो उसमें बाइक से जाते हुए चोर नजर आ गए। बाइक के नंबर और लोकेशन के आधार पर पुलिस चोर तक पहुंच गई। आरोपी सुरेंद्र नशा करने का आदी है। पुलिस उसके दूसरे साथी की तलाश कर रही है।

दो वारदातों में ग्रामीण पुलिस को मिली थी सफलता: बाणगंगा थाना क्षेत्र में पिछले एक माह में सांवेर रोड पर दो मंदिरों के महंत और पुजारी के साथ लूट की वारदातें हुई। ग्रामीण पुलिस ने 15 सौ सीसीटीवी की मदद से आरोपियों को ढूंढ निकाला।

आभूषण लूट मामले में खाली हाथ है पुलिस : खंडवा के व्यापारी के साथ हुई लाखों के आभूषण की लूट के मामले में बाणगंगा पुलिस अभी भी खाली हाथ है। आरोपियों ने लवकुश चौराहे के पास से 10 लाख के जेवर चुराए थे। क्राइम ब्रांच भी इस गैंग को पकड़ने के लिए काफी समय से लगी हुई है, लेकिन अभी तक किसी तरह का सुराग नहीं मिल पाया है।

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय: कार्यालय नं.106, प्रथम मंजिल, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा इंदौर-452001

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस.
एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओ) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है जिसे नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा

क्रमांक	ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या	सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना जमा	संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय	नीलामी की तिथि और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	राजेन्द्र कुमार गर्ग (उधारकर्ता) संध्या गर्ग (सह-उधारकर्ता) कुशल गर्ग (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता सं LHDMN00001278049 & NHIND00001320780	सर्वेक्षण क्रमांक 98/9 का भाग, ग्राम गुलझरा, तहसील धामपुरी, धार, मध्य प्रदेश-454552	रू. 1,94,36,882/- जुलाई 26, 2024	रू. 73,30,500/- / रू. 7,33,050/-	अगस्त 12, 2024 11:00 AM 3:00 PM	अगस्त 22, 2024 02:00 PM 03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक-https://BestAuctionDeal.com) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को 21 अगस्त 2024, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, कार्यालय नं.106, प्रथम मंजिल, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा इंदौर-452001 में 21 अगस्त 2024 को शाम 04:00 बजे तक या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, कार्यालय नं.106, प्रथम मंजिल, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा इंदौर-452001 को 21 अगस्त2024 या उससे पहले 05.00 बजे से पहले। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) धार में देय "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 या हमारी सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/
दिनांक : जुलाई 31, 2024
स्थान : धार

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला झाबुआ म.प्र.

क्रमांक/क्रय/निविदा/2024–25/5370 झाबुआ, दिनांक 24–07–2024

:: निविदा सूचना ::

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी झाबुआ जिले की अधिनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं एवं जिला चिकित्सालय जिला चिकित्सालय झाबुआ में वित्तीय वर्ष 2024–25 में अकुशल/अर्धकुशल / कुशल / उच्च कुशल श्रमिक (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/सपोर्ट स्टाफ) के लिये निविदाकारों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः निविदा की शर्ते / प्रपत्र ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र का विक्रय आनलाईन भुगतान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी झाबुआ के नाम से जमा कर दिनांक 05.08.2024 से 20.08.2024 तक ऑनलाइन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर सुबह 10:00 बजे से सायं 06:00 तक क्रय किये जा सकते है। प्री–बीड मिटींग दिनांक 13.08.2024 को दोपहर 02:00 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला झाबुआ के कक्ष में आयोजित की जावेगी । निविदा प्रपत्र का मुल्य राशि 1000/– रूपये है। निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक 27.08.2024 को सांय 06:00 बजे तक रहेगी, ऑनलाईन निविदा के साथ साथ भौतिक रूप से निविदा प्रपत्र जमा किया जाना अनिवार्य होगा। टेक्नीकल बीड दिनांक 29.08.2024 को दोपहर 02:00 बजे खोली जावेगी एवं दिनांक 02.09.2024 को समय प्रातः 11:00 बजे सफल निविदाकारों की प्राईस बीड खोली जावेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला झाबुआ (म.प्र.)
जी–14267/24

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
विभिन्न कार्ये

संख्या: W/623/5/1/NIT दिनांक: 27.07.2024

मण्डल रेल प्रबन्धक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है:-

क्रम संख्या, ई-टेण्डरिंग सं. व कार्य का नाम	अनुमानित लागत	बयाना राशी
1. RTM-2024-25-74	₹ 5,36,20,827.18/-	₹ 4,18,200/-

GDA-NAD Section:- Bangrod-Extension of line No. 4 & 7. Meghnagar-Extension of Line No. 5 & 6 with direct reception facility in Goods shed && Piplod-Extension of CSR of line No. 1 to 4. (Scope of work- Civil work, Track work Bridge work & Ballast supply work etc.)

अनुमानित मात्राः As per tender schedule **कार्य समापन अवधिः** 18 माह **समकक्ष कार्यः** 1) Any Track work (This technical eligibility criteria is for Track laying & linking work for which the amount in advertised value of tender is ₹72,76,152.00) ie the similar nature work certificate/s should be as per this amount. **2)** Any Rail/Road Bridge work of opening more than 3.0 m. Note-In case of works to be done under running line, the tenderer should have the experience of carrying out work under running traffic. (This technical eligibility criteria is for Bridge work (Cast in situ and Precast RCC Boxes) for which the amount in advertised value of tender is ₹1,47,29,677) i.e the similar nature work certificate/s should be as per this amount. Note This work is not under running line. **3)** Any Civil Engineering. (This technical eligibility criteria is for Earth work, Drainage and any other civil work for which the amount in advertised value of tender is ₹2,41,46,216) i,e the similar nature work certificate/s should be as per this amount. **4)** Any Civil Engineering/Track Work. OR Supply of Ballast Boulders. (This technical eligibility criteria is for ballast supply work at cess for which the amount in advertised value of tender is ₹74,68,782) i,e the similar nature work certificate/s should be as per this amount. **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथिः** 19.07.2024 **निविदा खुलने की तिथिः** 14.08.2024

• विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है.
SPAN//5/1/163

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly